936

# 830 (CJ)

**2019**

# चित्रकला



**केवल प्रश्न-पत्र**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii)* *मुख-पृष्ठ (Cover-Page) तथा प्रत्येक उत्तर-पत्र के ऊपर दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ़-साफ़ लिखिए ।*

*(iii)* *केन्द्र व्यवस्थापक की हस्ताक्षरयुक्त मुहर (Facsimile) अपने प्रत्येक प्रपत्र पर लगवाइए और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाइए ।*

*(iv)* *प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है । इनमें से खण्ड क का प्रश्न अनिवार्य है । खण्ड ख और खण्ड ग में से किसी एक खण्ड के ही प्रश्न हल करने हैं ।*

*(v)* *खण्ड क के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है ।*

*(vi)* *खण्ड ख के 'स्मृति चित्रण' अथवा खण्ड ग के 'भारतीय चित्रकला' में से किसी एक का ही उत्तर देना है ।*

VERTEXAL



Scanned with CamScanner

## खण्ड क

### (अनिवार्य)

### (प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

**1.** अपनी ड्राइंग-शीट पर 25 सेमी × 20 सेमी का एक आयत बनाइए । इसमें संध्याकालीन ग्रामीण दृश्य का चित्रण जलरंगों से तैयार कीजिए । चित्र में मानवाकृति, झोपड़ी और पेड़ चित्रित कीजिए ।

चित्रांकन में निम्न बातों का ध्यान रखिए :

(क) सही अनुपात में रेखांकन — 15

(ख) संयोजन — $7\frac{1}{2}$

(ग) सुसंगत रंगों का प्रयोग — 15

(घ) सामान्य प्रभाव — $7\frac{1}{2}$

### अथवा

### (आलेखन)

16 सेमी भुजा के एक वर्ग में पूर्ण मौलिक इकाई की आकर्षक आलेखन-रचना कीजिए, जो किसी भारतीय फूल, तितली, पत्तियों एवं कलियों पर आधारित हो । आलेखन में कम-से-कम तीन जलरंगों का प्रयोग कीजिए ।

आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दीजिए :

(क) मौलिकता — 15

(ख) संयोजन — $7\frac{1}{2}$

(ग) उत्तम रंग संगति — 15

(घ) सामान्य प्रभाव — $7\frac{1}{2}$

### अथवा



VERTEXAL

Scanned with CamScanner

## (प्राविधिक कला)

*निर्देश :*

*(i)* *निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं ।*

*(ii)* *निर्दिष्ट रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ एवं अभीष्ट रेखाएँ सुस्पष्ट हों ।*

(क) एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसका परिमाप 12 सेमी तथा उसकी भुजाओं का अनुपात 3 : 4 : 5 हो । *5+10*

(ख) 4 सेमी त्रिज्या के एक वृत्त के अन्तर्गत एक आकर्षक ज्यामितीय आलेखन बनाइए, जो रेखाओं और चापों पर आधारित हो । *7+8*

(ग) एक समद्विबाहु त्रिभुज बनाइए, जिसका प्रत्येक आधार कोण 50° का हो । इसके अन्तर्गत एक अर्धवृत्त की रचना कीजिए । *5+10*

(घ) दी हुई रेखा अ ब पर पेंसिल, पटरी (स्केल) एवं परकार (compass) की सहायता से 90° का कोण बनाइए । *15*

(ङ) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए, जिसमें 2·5 सेमी 1 डेकामीटर को प्रदर्शित करता है । मापनी की नि.मि. (RF) ज्ञात कीजिए । मापनी में 4 डेकामीटर और 6 मीटर की दूरी प्रदर्शित कीजिए । *5+5+5*



VERTEXAL
Scanned with CamScanner

## खण्ड ख
## (स्मृति चित्रण)

**2.** निम्नलिखित में से किसी *एक* का चित्र छाया-प्रकाश दिखाते हुए पेंसिल से बनाइए । चित्र लगभग 15 सेमी का हो । *25*

(क) जग एवं गिलास

(ख) सुराही

(ग) गोभी

(घ) थर्मस

## अथवा

## खण्ड ग
## (भारतीय चित्रकला)

**3.** (अ) 'भारतीय चित्रकला' की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख संक्षेप में कीजिए । *15*

**अथवा**

'राजपूत चित्रकला' पर संक्षेप में प्रकाश डालिए । *15*

(ब) निम्नलिखित प्रत्येक दस प्रश्नों में चार विकल्प दिए गए हैं । सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में क्रमानुसार लिखिए । *10×1=10*

(क) बैंगनी रंग किन दो रंगों के मिश्रण से बनता है ?

(i) पीला + नीला

(ii) लाल + नीला

(iii) लाल + पीला

(iv) हरा + नीला



Scanned with CamScanner

(ख) निम्नलिखित में से गर्म रंग कौन-सा है ?

(i) हरा

(ii) काला

(iii) लाल

(iv) नीला

(ग) निम्नलिखित में से तटस्थ रंग कौन-सा है ?

(i) पीला

(ii) नीला

(iii) लाल

(iv) सफ़ेद

(घ) "घायल सूअर" का प्रसिद्ध प्रागैतिहासिक चित्र निम्नलिखित में से किस स्थान से प्राप्त हुआ ?

(i) मिर्ज़ापुर

(ii) होशंगाबाद

(iii) पंचमढ़ी

(iv) रायगढ़



VERTEXAL

Scanned with CamScanner

(ङ) बाघ की गुफाएँ निम्नलिखित में से किस प्रदेश में हैं ?

(i) उत्तर प्रदेश

(ii) मध्य प्रदेश

(iii) गुजरात

(iv) राजस्थान

(च) सिन्धु घाटी सभ्यता के जीवन में किस पशु का सर्वाधिक महत्त्व था ?

(i) गाय

(ii) हाथी

(iii) भैंस

(iv) बैल

(छ) मुग़ल शैली का प्रसिद्ध पक्षी चित्रकार कौन है ?

(i) दसवन्त

(ii) बसावन

(iii) मंसूर

(iv) अबुल फज़ल



VERTEXAL

Scanned with CamScanner

(ज) अजंता में कितनी गुफाएँ हैं ?

(i) 30

(ii) 32

(iii) 40

(iv) 28

(झ) अजंता के गुफा-चित्र किस धर्म से संबंधित हैं ?

(i) बौद्ध धर्म

(ii) जैन धर्म

(iii) हिन्दू धर्म

(iv) सिख धर्म

(ञ) निम्नलिखित में से कौन-सा चित्रकार किशनगढ़ शैली से संबंधित है ?

(i) नागरी दास

(ii) निहाल चंद

(iii) संसार चंद

(iv) सालिग राम

VERTEXAL



Scanned with CamScanner